शहर के उद्यमी और व्यापारियों के सहयोग से आधुनिक तरीके से होगा वृक्षारोपण, चौक-चौराहों का भी करेंगे सौंदर्यीकरण, मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत उद्योगों के संचालक, व्यापारी संघ और कॉलोनाइजर्स भी निभाएंगे अपनी जिम्मेदारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास तथा शहर के उद्योगपति , व्यापारी संघ और कॉलोनाइजर्स के मध्य आज सार्थक बैठक हुई। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत शहर के उद्यमी , व्यापारी तथा कॉलोनाइजर्स भी अपना फर्ज निभाएंगे। इसके तहत आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाएगा , इसके अलावा चौक-चौराहों का चयन कर इसके सौंदर्यीकरण को लेकर भी प्रस्ताव इन सभी के द्वारा दिया जाएगा। महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि भिलाई शहर के लिए मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत आगे आए और इसके विकास में भागीदार बने। औद्योगिक क्षेत्रों में सीएसआर मद तथा अन्य सहयोग से कई सारे अच्छे कार्य किए जा सकते हैं। प्रमुख रूप से शहर के सौंदर्यीकरण , वृक्षारोपण, उद्यानों के रखरखाव एवं संधारण पर सुझाव भी लिए गए। वृक्षारोपण में अपने साथ ही इस मुहिम में लोगों को भी जोड़ने कहा गया। निगमायुक्त ने बताया कि आजकल आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण की नई तरकीब से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत रक्षक प्लांटेशन बेहद कारगर है , इसके तहत वृक्षों की सुरक्षा एवं कम स्थानों को देखते हुए और पानी की आवश्यकता को देखते हुए पाइप सिस्टम से वृक्षारोपण की तकनीक उपयोगी साबित होगी। इस पर सभी ने अपनी सहमति जताते हुए इस तकनीक को अपनाकर कार्य करने की बात कही है। बैठक में उद्योग क्षेत्रों में श्रम कार्ड बनाने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केट क्षेत्रों में शौचालय , स्ट्रीट लाइट तथा सीसीटीवी कैमरा की जहां आवश्यकता होगी इसके लिए सूची मांगी गई है। नियमितीकरण कराने को लेकर भी विस्तार से बैठक में जानकारी दी गई जो भी संदेह थे उसका बैठक में निराकरण किया गया। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जिला एवं व्यापार केंद्र के अधिकारी , बीएसपी के अधिकारी, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा , औद्योगिक क्षेत्र से आए हुए उद्योग संचालक , विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारी संघ के पदाधिकारी तथा कॉलोनाइजर्स आदि मौजूद रहे।